एक नजर में

गहन पुनरीक्षण का निरिक्षण कर मतदाताओं से गणना पत्रक की जानकारी दी गई

कसरावद। निगर परिषद कसरावद ने कार्यालय में लगे हेल्प डेक्स/(एस.आर.आई.) मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण सहायता केंद्र का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसरावद श्री सत्येंद्र जी बैरवा ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का निरिक्षण कर मतदाताओं से गणना पत्रक की जानकारी दी गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए . जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकार श्री कमलेश गोले, नगर परिषद कर्मचारीगण उपस्थित थे।

शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर जनजातीय गौरव दिवस कार्यशाला में आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति

मंडलेश्वर। भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय कार्य विभाग द्वारा द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के रूप के एक पखवाड़े तक मनाया गया इसके अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर जनजातीय नायकों के बलिदान साहस और वीरता को याद किया गया।आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता वनवासी कल्याण परिषद खरगोन के जिला संगठन मंत्री सतीश यादव ने जनजातीय योद्धाओं की बहादुरी देश के लिए उनके बलिदान और साहस को शब्दों के माध्यम से प्रणाम किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एम एस चौहान ने की विशेष अतिथि जनभागीदारी समिति सदस्य अभिलाष ठाकुर थे।इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने रामदास पाटीदार के मार्गदर्शन में आदिवासी नृत्य की शानदार प्रस्तुति से समा बांध दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो राजगुरु पाटीदार डॉ मुकेश साठे डॉ ओ एस परिहार डॉ प्रवीर पाण्डेय सहित प्राध्यापक स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विधायक ने किया रथ का स्वागत :- कलेक्टर कार्यालय खरगोन से कलेक्टर भव्या मित्तल एवं विधायक बालकृष्ण पाटीदार द्वार रवाना किया गए जनजातीय गौरव रथ का मंडलेश्वर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया सबसे पहले रथ का स्वागत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक स्टाफ एवं बालिकाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर किया गया उसके बाद नगर के ऐतिहासिक स्कूल, शासकीय महात्मा गांधी स्कूल में रथ का समारोह पूर्वक स्वागत किया गया यहां विधायक राजकुमार मेव के साथ खंड शिक्षा अधिकारी आर एल चौहान प्राचार्य जे के सोनी प्राचार्य विजय वानखेड़े प्रधान पाठक दिलीप खेडेकर ने गौरव रथ का पूजन किया।उसके बाद विद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि राजकुमार मेव ने जनजातीय योद्धाओं को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि जनजातीय योद्धाओं ने 1857 की क्रांति में जो साहस और बलिदान दिया उसका गवाह यह विद्यालय भवन है 1857 की क्रांति के समय निमाड़ के प्रसिद्ध क्रांतिकारी भीमा नायक की टुकड़ी ने मंडलेश्वर में अंग्रेजों की छावनी और किले पर अपना परचम लहराने के बाद इस स्कूल भवन तब का रेजिडेंट हाउस पर जबरजस्त प्रहार कर यहां तैनात ब्रिटिश सेना के कैप्टन बैंजामिन हेब्स और उसके सैकड़ों सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। आज हम उन जनजातीय वीर क्रांतिकारियों को नमन करते है ।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी छवि कलमे ने भगवान बिरसा मुंडा का जीवन परिचय प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के जनजातीय नेता दयाराम मुवेल मुकेश भूरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार ब्रम्हदत्त चौहान मनोज शर्मा नितिन पाटीदार हरि गाडगे शिक्षक के पी एस तोमर मनोज डोंगरे सहित जनजातीय समाज के प्रतिनिधि जन प्रतिनिधि और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सनावद में सुयश सागर जी महाराज संघ का मंगल प्रवेश

सनावद। त्याग और तप की नगरी सनावद में मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज संघ का मंगल प्रवेश सिद्धवरकूट की ओर से संपन्न हुआ। चातुर्मास की समाप्ति के पश्चात इंदौर से सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट की वंदना करते हुए राजिम (छत्तीसगढ़) की ओर अग्रसर हो रहे मुनि संघ का नगरवासियों ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया।

स्वागत और अगवानी :- सन्मति जैन काका ने बताया कि रेल्वे गेट ओंकारेश्वर रोड पर समाजजन एकत्रित होकर मुनि संघ की अगवानी की। नगर प्रवेश के बाद संघ ने जैन मंदिरों के दर्शन किए। पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में मुनि श्री के सान्निध्य में शांतिधारा का आयोजन हुआ, जिसमें मनीष चौधरी, रितेश मुंशी, राहुल स्वास्तिक, अक्षय सराफ, हेमू जैन, कमल केके, सुरेश मुंशी, सुनील मास्टर, कमल जटाले और अशोक पंचोलिया ने भाग लिया।

प्रवचन और दिव्य देशना :- तत्पश्चात मुनि श्री प्रवचन हाल में विराजमान हुए। सभा का शुभारंभ प्रदीप पंचोलिया द्वारा मंगलाचरण से हुआ। मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज ने अपनी दिव्य देशना में कहा : 'व्यक्ति को सुख की प्राप्ति तभी होती है जब वह पुरुषार्थ जागृत करता है। अन्यथा सहयोगों का लाभ नहीं मिलता। परिमंडल वस्तु का स्वभाव है और वह प्रतिक्षण नए रूप धारण करती है। इस स्वभाव को जानने वाले साम्य भाव प्राप्त करते हैं, जबकि अज्ञानी विकल्पों में फंस जाते हैं।'

आहार दान और समयसार क्लास :- इस शुभ अवसर पर आहार दान का सौभाग्य श्रीमती साधना देवेंद्र कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। दोपहर में मुनिराज द्वारा समयसार की क्लास संपन्न हुई, जिसके बाद संघ खंडवा की ओर मंगल विहार को प्रस्थान किया।

फैंसी ड्रेस से जागरूकता तक : निर्मल विद्यापीठ में विशेष बाल दिवस आयोजन

बड़वाह निप्र। निर्मल विद्यापीठ में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, जिसके पश्चात् विद्यार्थियों को नेहरू जी द्वारा बच्चों के प्रति व्यक्त प्रेम, स्नेह और आदर्शों का महत्व समझाया गया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर क्रमबद्ध गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रि-प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्नों के लिए आकर्षक फैंसी ड्रेस कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बच्चों ने विविध किरदारों की सुंदर प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक चित्रपट (मोटिवेशनल मूवी) का प्रदर्शन किया गया, जिससे उन्हें जीवन मूल्यों एवं सकारात्मक सोच की प्रेरणा प्राप्त हुई। मिडिल सेक्शन के छात्रों के लिए खेल-कूद तथा अन्य सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से छात्रों में टीमवर्क, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया गया। उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु बदवाह थाने के थाना प्रभारी श्री बालाराम राठौड़ द्वारा विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को बदलते परिवेश, सामाजिक जिम्मेदारियों, सुरक्षा तथा आने वाली पीढ़ी के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन प्रदान किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के विभिन्न संकायों की सक्रिय भूमिका रही। प्रि-प्राइमरीएवं प्राइमरी वर्ग का संचालन श्रीमती वैषाली माले, और श्रीमती गुरप्रीत पंड्या के नेतृत्व में, मिडिल सेक्शन की गतिविधियाँ श्रीमती रीना यादव के निर्देशन में तथा उच्च वर्ग का संचालन श्री पंकज अधारे एवं श्री पीयूष शुक्ला के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। संपूर्ण आयोजन की रूपरेखा एवं समन्वयन श्रीमती सिम्मी शेख द्वारा किया गया।



बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई

जनप्रतिधियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया

नवभारत न्यूज़

बड़वाह निप्र। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला, नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल एवं जनप्रतिधियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। विधायक ने कहा कि काटकूट क्षेत्र के आदिवासी युवाओं को सम्मानजनक एवं स्थाई रोजगार दिलाने के लिए क्षेत्र में आईटीआई खोलने के प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा युवाओं को कौशल विकास केंद्र के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अंग्रेजी साम्राज्य को कड़ी चुनौती दी और आदिवासी समाज के शोषण के विरुद्ध संघर्ष का शंखनाद किया। भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान और शौर्य देशवासियों को सदैव राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान की स्मृति में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। भाजपा नेता जितेंद्र सुराणा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने 20 साल की उम्र में ही अंग्रेजों के शोषण और अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष शुरू कर दिया था। बिरसा मुंडा को पकड़ने के लिए अंग्रेज शासन में 5 साल में 75 छापे मारे लेकिन उन्हें पकड़ने में विफल रहे। आदिवासी समाज ने उन्हें भगवान की उपाधि दी और धरती आबा के रूप में पूजे जाते हैं। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्षमय जीवन देशवासियों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में देश और समाज के लिए संघर्ष करना सिखाया। बिरसा मुंडा का जीवनकाल बहुत कम रहा लेकिन उनके कार्य बहुत महत्वपूर्ण थे। डॉ.जितेंद्र सेते ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ.सेते ने मांग रखी कि काटकूट क्षेत्र के आदिवासी युवाओं को रोजगार के लिए आईटीआई की स्थापना होना चाहिए। भाजपा नेता महिम ठाकुर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आयुर्वेदिक चिकित्सा में भी निपुण थे और उनके स्पर्श मात्र से रोगी ठीक हो जाया करते थे। ठाकुर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के स्मारक का भूमिपूजन शीघ्र ही किया जाएगा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, सुखदेव मुकाती सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



धरती के आबा बिरसा मुंडा के बलिदान को किया नमन

खरगोन। स्वतंत्रता सेनानी, आदिवासी समाज के महानायक क्रांतिसूर्य भगवान बिरसा मुंडा की जयंती शहर में बिरसा मुंडा जयंती के रुप में मनाई गई। इस दिन को यादगार बनाने के लिए सर्व आदिवासी समाजजनों ने नगर में विशाल रैली का आयोजन किया। शहर के बिस्टान रोड़ टंट्या भील चौराहा से जय जौहारए जय आदिवासी के नारे के साथ ढोल-तांशों, साउंड सिस्टम के साथ निकली रैली में आदिवासी युवाओं का उत्साह चरम पर रहा। रैली बिस्टान रोड़ होते हुए नगर पालिका, सियाराम बाबा चौराहा, बस स्टैंड होते हुए वापस टंट्या मामा चौराहा पहुंची, जहां टंट्या मामा की प्रतिमा को सलामी देकर रैली को विराम दिया गया। इस रैली में कई लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे और तीर . कमान लिए चल रहे थे। इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह रैली आदिवासी समाज के स्वाभिमान, संस्कृति और जन जागरण के उद्देश्य से निकाली गई है। भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा भील सहित कई आदिवासी क्रांतिकारी जननायक ऐसे है, जो केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक ऐसा इतिहास हैं, जिन्होंने आदिवासी समाज ही नहीं बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में स्वाभिमान, स्वराज और स्वदेशी की चेतना जगाई। आज हम धरती के आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे है, ताकि आने नई पीढ़ी उनके संघर्ष, बलिदान और विचारों से प्रेरणा ले सकें। इस दौरान सचिन सिसोदिया, कपिल पंवार, सावन ब्राम्हणे, बाबू बर्डे, शांतिलाल बड़ोले, शिवभानु सिंह मंडलोई, राजेन्द्र पंवार, मनोज डावर, सचिन महिले, अजय नार्वे सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के वरिष्ठजन युवा आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले को पकड़ा

बड़वाह। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस?करी करने वालों पर सतत निगरानी रखने एवं तस्करी में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल ने जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय व नशा करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी तारतम्य में थाना बड़वाह पर अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने में सफलता हासिल की गई है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण:- दिनांक 14.11.25 को थाना बड़वाह पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, 01 व्यक्ति जयंती माता रोड छोटी पुलिया के पास बडवाह तरफ आने वाला है जो संभवत: अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी में लिप्त है और ब्राउन शुगर लिए आने वाला है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी बड़वाह निरीक्षक बलराम सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया व मुखबिर की सूचना से अवगत करवाकर जयंती माता रोड छोटी पुलिया के पास रवाना किया गया । पुलिस टीम के द्वारा सूचना अनुसार मुखबिर के बताए हुलिये के व्यक्ति की सर्चिंग के दौरान 01 व्यक्ति दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा । पकड़ में आए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सद्दाम निवासी नया मछली बाजार बडवाह का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा सद्दाम की तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 5.47 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर कीमती लगभग 55,000/- रुपए की मिली जिसे पुलिस टीम के द्वारा विधिवत नियमानुसार जप्त किया जाकर सद्दाम के विरुद्ध थाना बड़वाह पर अपराध क्रमांक 588/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । गिरफ्तारशुदा आरोपी सद्दाम पिता अलीम खान उम्र 23 साल निवासी नया मछली बाजार बडवाह को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड :- 1.सद्दाम पिता अलीम खान उम्र 23 साल निवासी नया मछली बाजार बडवाह के 8 अपराधिक रिकॉर्ड है।

पुलिस टीम :- उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बड़वाह निरीक्षक श्री बलरामसिंह राठौर के नेतृत्व में सउनि अजेश जायसवाल, सउनि कमल कुशवाह, , प्र.आर. 471 विनोद, आर.797 नितिन, आर. आर.953 रवि यादव, आर.554 विजय अहिरवार, आर. चालक 1038 अमर कुशवाह, आर.619 विजय राठौर व प्र.आर.787 शिवचरण, आर.183 निखिल बार्चे तथा अन्य थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा ।

दीक्षांत परेड शपथ ग्रहण समारोह

बड़वाह निप्र। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र बड़वाह (मध्य प्रदेश) में 59 वां बैच आरक्षक /जीडी व 35वा बैच महिला आरक्षक के प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत परेड समारोह दिनांक 15.11.2025 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 1719 प्रशिक्षणार्थियों, जिसमें 1290 पुरुष प्रशिक्षणार्थियों ने तथा 429 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने शपथ ग्रहण की। इस भव्य परेड के मुख्य अतिथि श्री नवज्योति गोगई (IPS) , सी.आई.एस.एफ महानिरीक्षक उत्तरी खण्ड मुख्यालय नई दिल्ली रहे। समारोह में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल बड़वाह के प्राचार्य श्री जैकब किस्पोट्टा उप महानिरीक्षक ने प्रषिक्षणार्थियों को शपथ दिलायी तथा प्रषिक्षणार्थियों द्वारा लिए गए प्रशिक्षण से संबंधित कोर्स विवरण प्रस्तुत किया । महानिरीक्षक द्वारा बताया गया कि पास आउट हुए प्रषिक्षणार्थियों को विभिन्न परिस्थितियों में संयम बनाए रखते हुए कर्तव्य निवर्हन करने का 43 सप्ताह का कड़ा प्रषिक्षण दिया गया है तथा इन प्रषिक्षणार्थियों ने अपने घर परिवार से दूर रहकर यहां प्रषिक्षण ग्रहण किया है। बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान आन्तरिक विषयो तथा बाह्य विषयो मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों तथा परेड कमाण्डर को पुरस्कार प्रदान किये। श्री नवज्योति गोगई (IPS) , सी.आई.एस.एफ महानिरीक्षक उत्तरी खण्ड मुख्यालय नई दिल्ली, महोदय ने परेड मे भाग ले रहे प्रषिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वे संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए ईमानदारी, कडी मेहनत एंव लगन के साथ राष्ट्र की सुरक्षा में अपना योगदान दे। उन्होंने सभी प्रषिक्षणार्थियों एवं पुरस्कार विजेताओं को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

छात्र छात्राओं ,द्वारा चित्र कला चार्ट आदि की प्रदर्शनी लगाई गई

बिस्टान नि प्र । शुक्रवार को शासकीय सांदिपनी विद्यालय बिस्टान मैं दो दिवसीय सक्षम उत्सव मनाया गया । जिसमें प्रथम दिवस को बच्चों से सक्षम जीवन कौशल विकास आधारित गतिविधियां जैसे मेरे सपनों की दीवार मेरे सपनों का पेड़ रोल प्ले नाटक आदि करवाई गई । द्वितीय दिवस को सक्षम उत्सव समाधान कार्यक्रम किया गया । जहाँ छात्र छात्राओं ,द्वारा चित्र कला चार्ट आदि की प्रदर्शनी लगाई गई । जिसमें मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष डैम सींग नार्वे उपाध्यक्ष मुकेश नायक भाजपा जिला महिला उपाध्यक्ष सुगन कौर जाधव मंडल उपाध्यक्ष राजु कोल्या एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । जिन्होने बच्चों के कार्यों की सराहना की। विधायलय के प्राचार्य बलराम भवंर ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया । कार्यक्रम में सक्षम ट्रैनर शिक्षक चंदन जर्वे ,ओम प्रकाश भालसे ,राजेन्द्र भार्गव ,माया पंवार ,कविता चौहान ,विकास भालसे आदि ने सहयोग प्रदान किया ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का बिस्टान में स्वागत मीडिया से की चर्चा

बिस्टान नि प्र । अखिल भारतीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलाई समाज के मनोज परमार का प्रथम नगर आगमन पर किया भाजपाइयों ने स्वागत मीडिया से हुए रूबरू, भगवान वीर विरशा मुंडा के जन्म दिवस के अवसर पर जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए अपने सिरवेल प्रवास के दौरान बिस्टान नगरीय क्षेत्र में आगमन हुआ । यहां के स्थानीय भाजपा जनप्रतिंनिधी डेम सिंह नार्वे ,भाजपा मंडल के बंटी राठौड़, मीडिया प्रभारी राजेश मालवीय, संजय मराठा ,के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल ताशों से आगवानी कर पुष्प मालाओं से स्वागत किया । परिषद अंतर्गत बंद हुए विकास कार्यों को गति देने की बात बताई गई। इसपर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आश्वासन देकर अपने वरिष्ठ जनों को जानकारी देने की बात कही ।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

कसरावद निप्र। क्रांति सूर्य धरती आबा जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर, सर्व आदिवासी समाज, आकाश, अजाक्स एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने बाबा सहाब कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर फल वितरण किया गया ।पश्चात बाजीटपुरा मे गाता, प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्प वर्षा कर ,स्व.राघोराम भँवर सर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।पश्चात श्री पदमसिंह जमरे द्वारा विचार व्यक्त किए गए ।बिरसा मुंडा जी के संघर्षों, बलिदान को याद किया गया। राजकुमार मोहरे, उमेश ठाकुर, रणजीत सिंह मंडलोई अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, नानसिह मंडलोई, गुलाबसिंह देवले, द्वारा बच्चों को फल वितरण किया गया ।भगवान बिरसा मुंडा के गाता स्थल पर कपिल खराडी, नितेश। अजनारे, जगदीश, राजकुमार, आदि पदाधिकारी ने अपने विचार रखें।

एक नजर में — जनजातिय गौरव दिवस पर टंट्या मामा प्रतिमा का किया अनावरण

अब चौराहा टंट्या मामा के नाम से जाना जाएगा : विधायक पाटीदार

नवभारत न्यूज़

खरगोन। शहर के बिस्टान नाका तिराहा पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आदिवासियों के रॉबिनहुड, महान क्रांतिकारी टंट्या मामा भील की आदमकद प्रतिमा का अनावरण समारोहपूर्वक किया गया। जनजातिय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान विधायक पाटीदार, कलेक्टर भव्या मित्तल, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, सीएमओ कमला कौल, पार्षद भागीरथ बड़ोले सहित जनप्रतिनिधियों, आदिवासी नेताओं की उपस्थिति में भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस भव्य आयोजन के सैंकड़ों लोग साक्षी बने। समारोह में विधायक ने कहा कि अब यह बिस्टान नाका टंट्या मामा तिराहे के नाम से जाना जाएगा। यह संयोग है कि हम महानायक बिरसा मुंडा, सरदार वल्लभ भाई पटेल और वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मना रहे है। इन आयोजनों से समूचे देश में उमंग और उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जनजातीय प्रांत प्रमुख संघ कैलाश भाई ने बिरसा मुंडा व टंट्या मामा के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।.